# इस जीवन को संवार दो खाटू वाले श्याम लिरिक्स

इस जीवन को संवार दो,
खाटू वाले श्याम।

दोहा – श्याम तेरी मूरत मोहिनी,
खींचे मन तेरी ओर,
मेरा मन तेरा हो गया,
मेरा चले न इस पर जोर।

---

इस जीवन को संवार दो,
खाटू वाले श्याम,
दुनिया सारी छोड़ के बाबा,
आया तेरे धाम,
तेरी जय हो श्याम,
बाबा श्री श्याम।bd।

---

चलकर जो भी आये बाबा,
श्याम तुम्हारी नगरी में,
भर जाती है उसकी झोली,
कृपा होती एक पल में,
तेरी चौखट पे मैं आया,
हर लो कष्ट तमाम,
तेरी जय हो श्याम,
बाबा श्री श्याम।bd।

---

जाने तेरी महिमा सारी,
दुनिया ये संसार,
खाटू वाले शक्ति तेरी,
है कितनी अपार,
लाखों नज़रें तुम पर टिकती,
आते खाटू धाम,
तेरी जय हो श्याम,
बाबा श्री श्याम।bd।

---

तेरी एक झलक की खातिर,
भक्त है सारे आते,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जो भी इस दुनिया से हारे,
तुम हारे के सहारे,
एक नज़र किरपा की कर दो,
‘राहुल’ है निष्काम,
तेरी जय हो श्याम,
बाबा श्री श्याम।bd।

---

इस जीवन को संवार दों,
खाटू वाले श्याम,
दुनिया सारी छोड़ के बाबा,
आया तेरे धाम,
तेरी जय हो श्याम,
बाबा श्री श्याम।bd।

**Singer – Rahul Joshi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com